
# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
25/09/2023

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Chatra, (JKD)


# पारा मिलिट्री फोर्स और पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने चतरा शहर में किया फ्लैग मार्च

चतरा: शांति और शौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी पर्व संपन्न कराने व लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में एसडीपीओ अविनाश कुमार, पारा मिलिट्री फोर्स रैफ के जवानों व अधिकारियों ने फ्लैग मार्च व मॉकड्रिल में हिस्सा लिया। जिले में पहली बार पुलिस के अधिकारी सेंट्रल सेक्यूरिटी फोर्स के जवानों संग संयुक्त रूप से असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर नकेल कसने के लिए मॉकड्रिल किया। अभियान के तहत आज चतरा शहर के चौक-चौराहों समेत विभिन्न इलाकों में एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने सीआरपीएफ की रैफ बटालियन के अधिकारियों व जवानों संग उपद्रवियों व हुड़दंगियों से निबटने के किये गए तैयारियों का संयुक्त रूप से मॉकड्रिल किया। मॉकड्रिल के माध्यम से जवानों ने असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों से सख्ती से निपटने को ले किये गए तैयारियों का प्रदर्शन किया। देर शाम शहर के विभिन्न मोहल्लों में पुलिस और रैफ के अधिकारियों ने अत्याधुनिक हथियारों से लैश जवानों संग फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर एसडीपीओ ने कहा की हम असामाजिक तत्व और उपद्रवियों पर पैनी नजर बनाए रखेंगे। शहर को अशांत करने की हर एक सटीक सूचना तंत्र पर क्विक एक्शन होगा। उन्होंने आम लोगों से निर्भीक होकर घरों से निकलने और अपना काम करने की अपील की।



Dainik Jagaran, Palamu, (JKD)

# शहर में उतरा दंगा नियंत्रण दल, सायरन की आवाज से सहमे लोग

**थर्ड आई न्यूज ›› डालटनगंज**

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की टुकड़ी शुक्रवार को शहर में उतरी। सायरन बजाकर पूरे क्षेत्र में मार्च किया। अचानक दंगारोधी दल को देखकर शहरवासी आश्चर्यचकित रह गए। कुछ लोग सहम गए। लोगों को लगा कि कहीं कोई अप्रिय घटना तो नहीं हो गयी। हालांकि बाद में लोगों को जानकारी हुई कि रैफ की टीम डेमोस्ट्रेशन दे रही थी। टीम का नेतृत्व डीएसपी सुरजीत कुमार कर रहे थे। उनके साथ शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, कई जमादार शामिल थे।

डीएसपी सुरजीत ने बताया कि जमशेदपुर से आई रैफ की टीम यहां छह दिवसीय कार्यक्रम कर रही है। इस टीम के द्वारा भी लॉ एन आर्डर मेंटेन करने में योगदान दिया जाता है। खासकर दंगा होने की स्थिति में रैफ की टुकड़ियां मोर्चा संभालती है। ऐसे में कार्यक्रम के तीसरे दिन डेमोस्ट्रेशन दिया गया। दंगा होने के बाद जिस तरह से रैफ के जवान फ्लैग मार्च करते हैं, उसी तरह से शहर में घूमा गया। उन्होंने बताया कि छह दिवसीय कार्यक्रम के तहत रैफ की तरफ से पौधारोपन, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ सहित अन्य कार्यक्रम किए जाने हैं।



फ्लैग मार्च करते डीएसपी, थाना प्रभारी एवं रैफ के जवान।

Dainik Savera, Panipat, (Haryana)

# पानीपत के थाना सनौली के एरिया से परिचित होकर रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लेग मार्च




अंजनी गोयल
आजतक हरियाणा

**पानीपत।** गृह मंत्रालय की गाइडलाइन्स एंव राकेश कुमार सिंह कमाण्डेन्ट 194 रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार श्री सुनील कुमार (उप..कमाण्डेन्ट ) के नेतृत्व में, /194 रैपिड एक्शन फोर्स परिचित अभ्यास के लिए 23 सितंबर को पानीपत पंहुची। यह प्लाटुन 23 सितंबर से 29 सितंबर तक जिले के विभिन्न थानों से संबंधित क्षेत्रों में परिचित अभ्यास करेंगे !

अभ्यास के पहले दिन आज रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा थाना सनौली के एरिया में परिचित अभ्यास किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाके तथा संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों मे पैदल मार्च किया ! तथा इलाके के वरिष्ठ नागरिकों/समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगो व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अलावा आमजन से भविष्य में संभावित दंगों के बारे में व अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की।

उप. कमाण्डेन्ट सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और आमजन में सामजस्य स्थापित करना है। जिससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। इस मौके पर श्री सतीश कुमार ( सहा. कमान्डेंट), निरीक्षक छविराम, निरीक्षक धनराज, निरीक्षक रण सिंह, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा, निरीक्षक देवकरण, सनौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार व 194 आर ए एफ के जवान मौजुद रहें।

E- News, Chatra, (JKD)

# रैफ 106 बटालियन की टीम ने विद्यार्थियों शस्त्र प्रदर्शन की दी जानकारी



**मीडिया अवलोकन संवाददाता चतरा :** जिले में रैपिड एक्शन फोर्स के 106 बटालियन की टीम परिचयात्मक अभ्यास को लेकर पिछले दो दिनों चतरा में रुकी हुई है। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के 106 बटालियन के द्वारा शहर में विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें दूसरे दिन शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया, जबकि तीसरे दिन शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा में रैफ के सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार व निरीक्षक हरेश कुमार के अध्यक्षता में जवानों द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को बेटी पढाओ बेटी बचाओ तथा नशा मुक्त एंव शस्त्र प्रदर्शन कर जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि भूषण मिश्रा ने रैफ के सहायक कमांडेंट का स्वागत गुलदस्ता देकर किया।मौके पर सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को हथियारों की जानकारी देते हुए नशा से दूर रहने की सीख दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल, परिचारी ज्ञानेंद्रपति, शिक्षक व रैफ के जवान मौजूद थे. इस कार्यक्रम से बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

Dainik Savera, Panipat, (Haryana)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च



रैपिड एक्शन फोर्स फ्लैग मार्च निकालते हुए।

पानीपत/बापौली, 23 सितंबर (खुर्व/सत्यवान): गृह मंत्रालय की गाइडलाइन व कमांडेंट 194 रैपिड एक्शन फोर्स राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार उप कमांडेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में ए/194 रैपिड एक्शन फोर्स परिचित अभ्यास के लिए 23 सितंबर को पानीपत पहुंची।

यह प्लाटून 23 सितंबर से 29 सितंबर तक जिले के विभिन्न थानों से संबंधित क्षेत्रों में परिचित अभ्यास करेगी। अभ्यास के पहले दिन आज रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा थाना समौली के एरिया में अभ्यास किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों तथा संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया तथा इलाके के वरिष्ठ नागरिकों/समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की गई।

उप कमांडेंट सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और आमजन में सामंजस्य स्थापित करना है, जिससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। इस मौके पर सहा. कमांडेंट सतीश कुमार, निरीक्षक छवीराम, निरीक्षक धनराज, निरीक्षक रण सिंह, निरीक्षक योगेन्द्र बसोठा, निरीक्षक देवकरण, समौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार व 194 आर.ए.एफ. के जवान मौजूद रहे।

Dainik Savera, Panipat, (Haryana)

# रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस ने थाना समालखा व बापौली के एरिया में किया फ्लैग मार्च



रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस ने थाना समालखा व बापौली के एरिया में फ्लेग मार्च करते हुए। (मोहन लाल)

सवेरा न्यूज/रतन लाल

समालखा, 24 सितम्बर : समालखा में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा सुनील कुमार उप कमाण्डेंट के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के क्रम में दूसरे दिन पुलिस थाना व चौकी इंचार्ज समालखा के वीरेंद्र कुमार प्रभारी से मुलाकात करके थाना क्षेत्रों के संबंध में विभिन्न अहम जानकारिया हासिल की। इसके साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स की टीम और पुलिस ने साथ मिलकर थाना बापोली के गढ़ी, भापरा, बिहोली समालखा शहर व गांव में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया व थाना क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की गई। राकेश कुमार कमांडेंट व समालखा चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखना, जनता में वर्दी के प्रति विश्वास बढ़ाना व जनता को भयमुक्त करने के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लोगों का मनोबल बढ़ाने एवं क्षेत्र में नागरिकों को कर्तव्यों को निर्वाह करने के लिए प्रेरित करना है। इस अभ्यास के दौरान 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक रणसिंह यादव, निरीक्षक देवकरन मीना, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा, पुलिस थाना बापोली प्रभारी उप निरीक्षक, समलखा थाना प्रभारी निरीक्षक 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के जवान व थाने की पुलिस की टीमों ने भाग लिया।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**